Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006
Participants : Jha Shri Raghunath,Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Need to ensure benefits of development in banking sector in Bihar.

श्री रघुनाथ झा (बेतिया) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जब स्वर्गीय राजीव गांधी जी देश के प्रधानमंत्री थे, तब वे बिहार गए थे और बिहार की गरीबी, बेबसी और लाचारी को देखकर उन्होंने घोाणा की थी कि बिहार के इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए स्पेशल पैकेज बिहार राज्य को दिया जाएगा। मुझे खुशी है कि वर्तमान सरकार जब सत्ता में आयी, तो स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा किए गए वायदे को इसने अपने कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में शामिल किया, लेकिन इस सरकार को सत्ता में आए हुए दो वा हो गए, अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं की गयी है, इस दिशा में एक कदम भी नहीं बढ़ाया गया है। ...(व्यवधान) इसलिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि जो वायदा आपके नेता स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने किया और प्र ाधानमंत्री के रूप में आपके मंत्रिमंडल ने किया, उस वायदे को आप पूरा कीजिए। आप इस मामले में पहल कीजिए। यदि आप सिर्फ इस तरह से वायदे करेंगे और जनता को इससे लाभ नहीं मिलेगा, तो लोगों के मन में आप के प्रति दूसरी तरह की भावना पैदा होगी।

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : मैं भी रघुनाथ झा जी की बात से अपने आपको संबंद्ध करता हूं।